हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 29 मई 2024

तापमान
अधिकतम 44.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

12 महासमुंद के तीर्थयात्रियों ने रामेश्वरम तट पर बालू ...



12 भोरिंग के विनीत मन्नाडे को मिली पीएचडी ...



सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग ने खेत में लगाई फांसी

**महासमुंद।** बलौदा थाना अंतर्गत ग्राम टेंगनापाली के खेत में एक व्यक्ति ने खुदकुशी कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 मई को दोपहर करीब 1 से 2 बजे के बीच शौकी लाल साहू पिता स्व. बुधू साहू (75 साल) निवासी टेंगनापाली ने अपने खेत में अज्ञात कारण से फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### फांसी लगाकर आत्महत्या

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम छिर्राबाहरा में एक बुजुर्ग ने फांसी लगा लेने की घटना सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 26 मई को पुनीराम महिलांगे पिता अक्षय राम (65 साल) निवासी छिर्राबाहरा ने अपने घर पर अज्ञात कारण से फांसी लगा ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**महासमुंद।** कोमाखान थाना क्षेत्र में ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। घटना 27 मई की है। पुलिस ने बताया कि उत्तम गोंड़ पिता नरेश (25 साल) निवासी रूमेकेल (पटेवा) की रेलवे पोल क्र- 97/29 के पास ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### पुराने विवाद को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** पुराने विवाद को लेकर दो युवकों के बीच विवाद हो गया। दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ तुमगांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। तुमगांव के बाजार चौक में इरशाद उर्फ इश्क भाठी पिता सलीम भाठी और डोमन धीवर पिता सीताराम के बीच विवाद, गाली गलौज के साथ हाथ मुक्का से मारपीट हो गई। दोनों ने थाने में एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। पुलिस ने दोनों की रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### देशी प्लेन शराब बरामद

**महासमुंद।** पटेवा पुलिस ने डूमरतालाब के पास ग्राम झलप सरेकेल मार्ग से आरोपी मुकेश गिलहरे पिता महेश गिलहरे (34साल) निवासी पाली खल्लारी के कब्जे से 6300 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 3150 रुपए जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। वहीं सांकरा पुलिस ने आरोपी आनंद कुमार रात्रे (58) निवासी सावित्रीपुर साधुडीपा के कब्जे से 2500 एमएल महुआ शराब कीमत 500 रुपए जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

विश्व मासिक धर्म स्वच्छ दिवस पर विशेष

# पीरियड के दौरान प्रभावित नहीं होगी इस स्कूल के छात्राओं की पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मासिक धर्म के दौरान बालिका शिक्षा और गुणवत्ता शिक्षा प्रभावित न हो, इसलिए जिले के कसेकेरा विद्यालय द्वारा किए गए नवाचार के चलते इस शाला को राज्य के दूसरे ऐसे शाला के तौर पर जाना जाता है जहां अध्ययनरत छात्राओं के उन दिनों के लिए विशेष कक्ष (रेस्ट रूम) की व्यवस्था की गई है जहां स्वच्छता के मानकों को पालन करने पैड, औषधि, चॉकलेट, चाय, काफी, भास्मक सहित स्वच्छता उपकरण उपलब्ध कराए गए।

## कसेकेरा राज्य का दूसरा ऐसा स्कूल, यूनिसेफ ने भी संस्था के प्रयासों की सराहना की

### राज्य का दूसरा ऐसा स्कूल है कसेकेरा

उल्लेखनीय है कि कसेकेरा विद्यालय नवाचारी गतिविधियों में बालिका विश्राम कक्ष तैयार करने में राज्य में दूसरे स्कूल के रूप में जाना जाता है। यूनिसेफ द्वारा स्कूल का अवलोकन किया गया, जागरूक करने के लिए संस्था के प्रयासों की सराहना की।



### प्रेरणादायक शुरुआतः प्रधानपाठक

प्रधान पाठक ने बताया कि बालिकाओं को पीरियड के दौरान 3 दिन अध्यापन प्रभावित होता है जिससे शैक्षिक सत्र में 30 दिन शिक्षा गुणवत्ता प्रभावित होती है, रेस्ट रूम से हम इसकी क्षतिपूर्ति कर सकते है। यहां बताना लाजिमी होगा कि सम्मान जनक स्वच्छता के अभाव व कुप्रथा के चलते अपर्याप्त मासिक धर्म से भारत को 70 प्रतिशत महिलाओं में प्रजनन संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस दिशा में जिले में कसेकेरा विद्यालय ने प्रेरणा दायक पहल की शुरुआत की है।

विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर मंगलवार को शासकीय उच्च प्राथमिक शाला में बालिकाओं में स्वच्छता एवं मासिक धर्म, सामाजिक कुरीतियों, बाधाओं को तोड़कर महिलाओं बालिकाओं में सम्मानजनक स्वच्छता उपलब्ध कराने व जागरूक करने के ध्येय से प्रधान पाठक डॉ. विजय शर्मा के मार्गदर्शन में विज्ञान शिक्षिका श्रीमती कामाक्षी चंद्राकर, श्रीमती लक्ष्मी साहू ने बालिकाओं के लिए बालिकाओं को प्रशिक्षित शिक्षिका व स्वास्थ्य विभाग मितानिन द्वारा सतत प्रशिक्षण दिया गया।

## जेठ की गर्मीः मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रतिदिन 550 से अधिक पंजीयन

# नौतपा के चौथे दिन पारा 44 पार अस्पताल में मरीजों की भरमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवतपा शुरू होने के साथ ही पारा 44 हो चुका है तेज धूप और उसके कारण पड़ रही भीषण गर्मी ने अपना असर दिखना शुरू हो गया है। लोग स्वास्थ्यगत समस्याओं को लेकर जिला अस्पताल पहुंचने लगे हैं। लोगों को उल्टी, दस्त और बुखार के अलावा अन्य बीमारियों की शिकायतें जैसे खुजली घमौरियां सहित सनबर्न जैसी शिकायतें लेकर पहुंच रहे हैं। निजी और सरकारी अस्पतालों में मरीजों की लंबी कतार लग रही है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हफ्तेभर हर दिन ओपीडी में 550 से अधिक मरीजों का पंजीयन हो रहा है।

मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा दूर दराज से मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। सामान्य दिनों की अपेक्षा मंगलवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ नजर आ। यहां पंजीयन काउंटर के बाहर मरीजों और उनके परिजनों की भीड़ लगी रही। कमोबेश यही स्थिति ड्यूटी डॉक्टरों के कक्ष के बाहर थी। मरीज अपनी बारी का इंतजार करते कतार में बैठे हुए थे।

अस्पताल में मरीजों की बढ़ती संख्या को लेकर मेडिकल कॉलेज के सह अधीक्षक डॉ.बसंत माहेश्वरी ने बताया रविवार अवकाश के दूसरे-तीसरे दिन भीड़ तो रहती है, लेकिन इस बार भीड़ की वजह भीषण गर्मी है। लोग काम के सिलसिले में घर से निकल रहे हैं। इस दौरान हीट स्ट्रोक के शिकार हो रहे हैं। अस्पताल में सुबह नौ से दोपहर तक सैकड़ों मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें बुखार, दर्द, उल्टी- दस्त के अलावा कई अन्य बीमारी से पीड़ित मरीज शामिल हैं। पंजीकृत मरीजों की संख्या सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक है।



### स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त दवा का भंडारण

स्वास्थ्य विभाग ने भीषण गर्मी के कारण होने वाली बीमारी को देखते हुए अधिकारी कर्मचारियों को दिशा निर्देश जारी कर दिया है। बताया जा रहा है कि सभी उप स्वास्थ्य केंद्र के अलावा प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हीट स्ट्रोक से निपटने व्यवस्था दुरुस्त की गई है। खासकर उल्टी, दस्त, बुखार, दर्द के लिए जरूरी दवाओं का पर्याप्त भंडारण किया गया है।

### हीट स्ट्रोक के इलाज के लिए अलग व्यवस्था

डॉ. माहेश्वरी ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए हीट स्ट्रोक से पीड़ित मरीजों के लिए अलग वार्ड बनाया गया है जहां एक साथ 6-8 बैड लगाया गया है और सभी जरूरी दवाइयां और अन्य उपकरण उपलब्ध है। उन्होंने बताया फिलहाल एक भी मरीज को भर्ती करने की नौबत नहीं आई है।

### लू से बचने बरतें सावधानी

मेडिकल कॉलेज के सह अधीक्षक ने बताया कि हीट स्ट्रोक से बचने के लिए जितना संभव हो तेज धूप से बचने का प्रयास करें,जरूरी हो तो धूप में छाता लेकर निकलें, ज्यादा से ज्यादा फल व पानी जैसे तरल पदार्थ का सेवन करें, ढीले और हल्के रंग के कपड़े पहनें, शराब आदि के सेवन से बचें, शरीर को हाइड्रेट रखें, धूप में निकलने से पहले सनस्क्रीन, चश्मा, गमछा, टोपी का इस्तेमाल करें।

### पिछले आठ दिन में ओपीडी की स्थिति

| | | |
|---|---|---|
| 20 मई | – | 620 |
| 21 मई | – | 552 |
| 22 मई | – | 589 |
| 23 मई | – | अवकाश |
| 24 मई | – | 786 |
| 25 मई | – | 502 |
| 26 मई | – | अवकाश |
| 27 मई | – | 650 |

# जंगलबेड़ा में जमीन विवाद को लेकर 4 के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरायपाली थाना अंतर्गत ग्राम जंगलबेड़ा में कुछ लोगों ने जमीन विवाद को लेकर मां-बेटे सहित 4 लोगों के साथ मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।

पुलिस को बसंत बंझोर पिता सुभाष बंछोर निवासी ग्राम जंगलबेड़ा ने बताया कि कपड़ा एवं चप्पल बेचने का काम करता हूं। मेरी मां मथुरा बाई के नाम पर पैतृक जमीन ग्राम जंगलबेडा में 15 डिसमिल जमीन खाली प्लाट है जिसमें से साढे सात डिसमिल जमीन को मेरी मां ने मुरलीधर साहू के पास 01 माह पूर्व बेच दिया।

16 मई को मैं और मेरी मां मथूरा बाई बंछोर बजार जा रहे थे, तभी देखा कि हमारे खाली प्लाट जमीन में आरोपी भागीरथी साहू, मुरलीधर साहू, भोजराज साहू व जुगल किशोर के द्वारा जमीन को कब्जा करने के लिये वेल्डिंग का काम करा रहे थे, जिसे देखकर हमने कहा कि हमारी बची हुई जमीन में कब्जा क्यों कर रहे हो, ऐसा कहने पर मुरलीधर साहू गाली गलौच करने लगा और कहा कि जमीन हमारा है तुम लोग बोलने वाले कौन होते हो। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते आरोपी मुरली साहू, भागीरथी साहू, भोजराज साहू एवं जुगल किशोर भोई द्वारा हाथ मुक्का एवं राड से मारपीट करने से मुझे बांये हाथ,कमर व मेरी मां को बांया हाथ, कमर में चोट पहुंचाई।

इसीब विवाद को सुन मेरे पिता सुभाष बंछोर एवं भाई दिनेश बंछोर बीच बचाव करने आए तो उनके साथ भी मारपीट किया गया। मारपीट करने से मेरे पिता के बांये हाथ, दोनों घुटने में एवं भाई को भी चोट लगी। सरायपाली पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### 30 हजार की महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने कुसमी देवरी चौक में बाइक चालक के पास से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के कब्जे से 1,20,000 लीटर महुआ शराब कीमत 30 हजार रुपए जब्त किया। कार्रवाई के दौरान आरोपी भाग निकला। पुलिस ने मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# नशे के कारोबार में लिप्त 3 गिरफ्तार 2.10 लाख रुपए का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की पुलिस ने गांजा तस्करी कर रहे मध्यप्रदेश के तीन आरोपी से 2 लाख 10 हजार रुपए का 14 किलो गांजा जब्त किया है। मामले में नारकोटिक्स के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस ने बताया कि थाना सिंघोडा क्षेत्र में 27 मई को मुखबीर सूचना पर बस का इंतजार कर रहे तीन व्यक्तियों को एनएच 53 रोड रेहटीखोल मे घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिनसे पूछताछ करने पर वे गोलमोल जवाब देने लगे। इसके बाद कड़ाई से पूछताछ करने पर तीन बैग मे गांजा रखकर सोनपुर ओडिशा से छतरपुर मध्यप्रदेश ले जाने की जानकारी दी। इन लोगों ने अपने नाम यादवेंद्र सिंह यादव पिता ब्रशभान यादव (20 साल), सचिन यादव पिता रज्जू यादव (19 साल), छोटू यादव पिता रामप्रकाश यादव (21 साल) निवासी बंधीखोल थाना इशानगर जिला छतरपुर मध्यप्रदेश का निवासी होना बताया। इन आरोपियों के कब्जे से 14 किलोग्राम नमीयुक्त अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 2 लाख 10 हजार रुपए बरामद किया गया। मामले में सिंघोड़ा में आरोपियों के खिलाफ अपराध धारा 20बी नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।





# पटेवा पुलिस ने जब्त की कंटेनर से 25 नग भैंस

**महासमुंद।** पटेवा पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान मंगलवार को 25 मवेशियों को ओडिशा के बूचड़खाना ले जाते पकड़ा। पुलिस ने पशु तस्करी करते तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर छग कृषक पशु परिक्षण अधिनियम की धारा 4, 6, 10 और पशु क्रूरता अधिनियम 11 घ के तहत कार्रवाई की है। पटेवा थाना प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि आज सुबह पुलिस को पट्रोलिंग के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 53 छिलपावन मोड़ पर पुलिस ने कंटेनर क्रमांक एच आर 45 ए 1802 को रोका। कंटेनर में तीन लोग सवार थे जिन्होंने अपना नाम उत्तरप्रदेश निवासी शबाब खान (34), हसीन कुरैशी (24) और सारिक कुरैशी (30) बताया। पुलिस ने कंटेनर की तलाशी ली तो उसमें से 25 नग भैंस बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सिमगा से खरीदी कर ओडिशा बूचड़खाने ले जा रहे थे।

## नौतपा में सूरज उगल रहा है आग...



**नर्रा।** नौतपा के तीसरे रोज मंगलवार को भीषण गर्मी रही। जेठ के इस महीने सूरज आग उगल रहा है। कुलर पंखे काम नहीं कर रहे है। लोग उमस और गर्मी से बेहाल है। भीषण धूप के कारण लोगों का घर से निकला मुश्किल हो गया है। दोपहर को सड़क व गांव की गालियों में गली सन्नाटा पसर जाता है। तापमान 40 डिग्री से पार हो गया है। बता दें कि 25 मई को नौतपा की शुरूआत हुई है। पहले ही दिन से तेवर दिखाने लगे है। अंचल में नौतपा का असर भीषण धूप गर्म हवाओं के चलने से उमस भरी गर्मी पड़ रही है।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मतगणना प्रेक्षकों ने समझी मतगणना की बारीकियां

# मतगणना निर्वाचन का अंतिम पड़ाव, प्रेक्षकों की भूमिका अहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने रायपुर के नवीन विश्राम गृह में आयोजित मतगणना प्रेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मतगणना प्रेक्षक (काउंटिंग ऑब्जर्वर) की भूमिका मतगणना के दौरान अत्यधिक महत्वपूर्ण होती है। मतगणना संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम पड़ाव है। इसलिए सभी की नजर मतगणना की प्रक्रिया पर केंद्रित होती है। ऐसे में मतगणना प्रेक्षक की भूमिका सबसे अहम हो जाती है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने मतगणना प्रेक्षकों के प्रशिक्षण में कहा कि मतगणना के दौरान मतगणना प्रेक्षक की भूमिका निभाने वाले अधिकारियों को मतगणना के सभी पहलुओं की बारीक जानकारी होनी चाहिए। मतगणना केंद्र पर पारदर्शी ढंग से मतगणना की प्रक्रिया पूर्ण हो, इसके लिए मतगणना प्रेक्षक को निष्पक्ष और सभी प्रक्रियाओं से संबंधित जानकारी से परिपूर्ण होना चाहिए।






भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत आगामी 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए छत्तीसगढ़ के 56 अधिकारियों को देश के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतगणना प्रेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें भारतीय प्रशासनिक सेवा के 20 और राज्य प्रशासनिक सेवा के 36 अधिकारी शामिल हैं।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर यूएस. अग्रवाल, विनय अग्रवाल और रुपेश कुमार वर्मा ने मतगणना स्थल पर प्रेक्षक की भूमिका, ईटीपीबीएस एवं डाक मतपत्रों की गणना एवं ईवीएम से मतगणना संबंधी सभी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर्स ने मतगणना हॉल में कितने टेबल लगाए जाने हैं, टेबल किस प्रकार लगाए जाने हैं, प्रत्याशी, उनके अधिकृत प्रतिनिधि और मतगणना अभिकर्ता कितने होंगे तथा किन स्थानों पर बैठेंगे, वीवीपैट की गणना के लिए कौन सा टेबल निर्धारित किया जाए, डाक मतपत्रों की गणना कहां हो, कौन सी सावधानियां बरतने की जरूरत है जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर भी जानकारी साझा की।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना प्रेक्षक के रूप में नियुक्त राज्य के अधिकारियों के व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण स्थल पर मास्टर ट्रेनर रुपेश कुमार वर्मा ने प्रायोगिक तौर पर ईवीएम का संचालन भी अधिकारियों के समक्ष किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### शराब पीकर सो गए युवक की बाइक चोरी

**महासमुंद।** बागबाहरा में बाइक चोरी का मामला सामने आया है। बागबाहरा पुलिस ने मामले में प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी गौतम पिता जयराम चंद्राकर निवासी वार्ड 06 लालपुर ने बताया कि मैं ड्रायवरी का काम करता हूं, 19 अप्रैल की रात 7.30 बजे अपने मोटर सायकल टीवीएस स्पोर्ट क्र सीजी 06 जीजेड 8696 को सोहन ठाकुर के दुकान के सामने लालपुर में खड़ी कर अपने दोस्त दिनेश नायक के साथ लालपुर तालाब के पास शराब पीने चला गया था। वहां शराब पीने के बाद मुझे ज्यादा नशा होने से मैं वहां पर सो गया एवं दिनेश नायक अपने घर चला गया। रात्रि करीबन 12 बजे मेरी नींद खुली तो मैं अपने मोटर सायकल के पास गया तो वहां मेरी बाइक नहीं थी। जिसे आसपास पता तलाश किया लेकिन मोटर सायकल नहीं मिला, तब मैं सुबह दिनेश नायक को फोन किया, फिर मैं और दिनेश आसपास के दुकानदारों एवं लोगों से पूछताछ पता तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चला।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### उप-मुख्यमंत्री शर्मा ने आईजी सुंदरराज के पिता को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** उप-मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा रविवार को बस्तर आईजी सुंदरराज पी. के पिता के दुःखद निधन पर उनके गृहग्राम सरवनमपट्टी (कोएम्बतूर, तमिलनाडु) जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से आत्मीय भेंट कर अपनी संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढाढ़स बंधाया। सुंदरराज पी. के पिता का पिछले दिनों उनके गृहग्राम सरवनमपट्टी (कोएम्बतूर, तमिलनाडु) में निधन हो गया। आईपीएस सुंदरराज पी. पर बस्तर आईजी के तौर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

### दो आईएएस ने चुनी ओल्ड पेंशन

**रायपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2004 बैच के अधिकारी एलेक्स व्हीएफ पॉल मेनन और भुवनेश यादव 2004 बैच ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का चयन किया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने राजपत्र में एक अधिसूचना का प्रकाशन कराया है। अधिसूचना में कहा गया है कि भारत सरकार, कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग नई दिल्ली के परिपत्र 2023 द्वारा अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी जिन्हें पेंशन प्रणाली (एनपीएस) से पहले भर्ती के लिए विज्ञापत, अधिसूचित, रिक्त पदों के विरुद्ध नियुक्त किया गया है और जो 1 जनवरी 2024 या उसके बाद सेवा में शामिल होने पर राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में शामिल किए गए हैं, उन्हें अखिल भारतीय सेवाएं नियम 1958 के तहत पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के प्रावधानों के तहत शामिल करने के लिए एक बार विकल्प देने का लेख किया गया है।

### छह साल से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** छह साल से फरार चल रहे मारपीट और प्राणघातक के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला मोहन नगर थाना क्षेत्र की है।मोहन नगर प्रभारी आकांक्षा पाण्डेय ने बताया कि ओम नगर उरला दुर्ग निवासी दिनेश चौरे पर वर्ष 2018 में मारपीट व प्राणघातक हमले मामले में न्यायालय दुर्ग के पेशी में उपस्थित नहीं हो रहा था। इसके लिए न्यायालय ने स्थायी वारंट जारी किया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दिनेश चौरे अपने भाई की शादी में घर आया हुआ था। जिसे तुरंत गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

### फैक्ट्रियों के वेस्ट मटेरियल में लगी आग

**भिलाई।** फैक्ट्रियों के वेस्ट मटेरियल में आग लगने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुची और दमकल वाहन की मदद से आग पर काबू पाया गया। घटना भिलाई तीन के ग्राम उमदा की है। मिली जानकारी के मुताबिक सूचना मिलते ही अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन की टीमे रवाना हुई। मौके पर पहुंचकर अग्निशमन कर्मियों ने फैक्ट्रीयों का वेस्ट मटेरीयल में लगी आग को सावधानी से चार दमकल की मदद से काबू पाया। मटेरियल में किस कारण से आग लगा इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

# पेड़ों पर लगे विज्ञापन-साइन बोर्ड, बिजली के तार हटाने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ से कहा है कि वे अपने क्षेत्र में पेड़ों पर लगे सभी विज्ञापन-साइन बोर्ड, किसी भी प्रकार के बोर्ड या साइनेज, बिजली के वायर और हाईटेंशन लाइन को हटाएं।

यह आदेश दरअसल इसलिए दिया गया है कि जल्द ही मानसून आने वाला है। बारिश के साथ ही कई क्षेत्रों में बाढ़ आने की आशंका भी है। इसे देखते हुए आवश्यक

- सभी नगर निगम, पालिका, नगर पंचायत को करना है ये काम
- बारिश, बाढ़ की आपदा से लोगों को बचाने की पहल



व्यवस्था बनाने के लिए ये कदम उठाए जा रहे हैं। दूसरी ओर आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव की अध्यक्षता में कुछ दिनों पहले नदियों के पुर्नुद्धार वाली कमेटी की बैठक में भी इस संबंध में निर्देश दिए गए थे।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने भारी बारिश एवं बाढ़ से उत्पन्न होने वाली स्थिति के मद्देनजर कहा है कि नाले और नालियों की पूरी और नियमित सफाई कर अंतिम छोर तक की जाए। किसी भी प्रकार से नदी, जल निकाय प्रदूषित न हों। निर्माणाधीन नाले नालियों में पानी बहाव के रास्ते में से निर्माण सामाग्री को हटाएं ताकि पानी बहता रहे।

### बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे चालू रहे

नगरीय निकायों से कहा गया है कि बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित करें और उनके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करें। यह नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्यरत रहना चाहिए। निचली बस्तियों में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों की पहचान करें। इसके साथ ही संभावित प्रभावित का अनुमान कर अस्थाई रूप से प्रभावित के लिए सुरक्षित स्थान की पहचान कर लें। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में पीने के साफ पानी की व्यवस्था हो। बाढ़ के दौरान और बाढ़ के प्रभाव के समाप्त होने के बाद संक्रामक बीमारियों की आशंका बनी रहती है। ऐसी स्थिति में संबंधित विभाग को इसकी सूचना दें। सभी लोक प्राधिकारियों से कहा गया है कि वे सुनिश्चित करें कि पेड़ों के चारो तरफ की गई कांक्रीट को एक मीटर वृत्त में हटाया जाए और भविष्य में एहतियात बरती जाए कि कंक्रीट या निर्माण या सुधार कार्य पेड़ों के एक मीटर के वृत्त में नहीं किया जाए।

**माना से साढ़े पांच लाख का मुनाफा**

# सरेंडर हुए 5 अहातों की घटाई सरकारी बोली, इसलिए 45 लाख के घाटे में गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में सरेंडर हुए 5 अहातों के दोबारा निकाले गए टेंडर में आबकारी विभाग को 45 लाख 34 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। इसका कारण दोबारा टेंडर प्रक्रिया के दौरान इन सभी अहातों की पूर्व सरकारी बोली घटाकर टेंडर निकाला गया है, ताकि सभी अहाते ठेके पर चले जाएं, क्योंकि इससे पहले निकाले गए टेंडर में माना देशी अहाता के लिए एक भी आवेदन नहीं आया था। यही कारण है कि विभाग ने माना के साथ सरेंडर हुए 5 अहातों की भी सरकारी बोली घटाकर टेंडर निकाला, जिसके परिणाम स्वरूप सभी अहाते भी ठेके पर उठ गए।

आबकारी विभाग की नई नीति के तहत रायपुर जिले में 56 अहातों का टेंडर निकाला गया था। इनमें से एक को छोड़कर 55 अहातों के लिए बोली लगाई गई थी। टेंडर के नियम के अनुसार सबसे ऊंची बोली वालों को ठेका दिया गया था, लेकिन ठेका मिलने के बाद 5 लोगों ने अहाता चलाने से इनकार कर दिया था, जिसके कारण इन अहातों के अलावा देशी अहाता माना जिसके लिए एक भी आवेदन नहीं आया था, के लिए दोबारा टेंडर निकाला गया।



पहले टेंडर में माना देशी अहाता के लिए एक भी आवेदन नहीं आया था

सरेंडर अहातों का ठेका सेकेंड ऊंची बोली वाले को नहीं, विभाग दोबारा निकालेगा टेंडर

### डेढ़ से ढाई लाख रुपये तक घटाकर निकाला गया टेंडर

देशी माना सहित सरेंडर सभी 6 अहातों के लिए विभाग ने डेढ़ से ढाई लाख रुपये तक बोली की कीमत कम करके टेंडर निकाला है। टेंडर की सरकारी बोली घटाने के कारण बोली लगाने वालों ने भी पूर्व बोली की तुलना में कम बोली लगाई थी। इसके कारण सरेंडर हुए सभी अहातों के लिए ऑनलाइन बोली में लोगों ने राशि भी कम डाली है। यही कारण है कि पिछली बार की तुलना में सरेंडर हुए सभी अहाता कम ठेके पर गए हैं।

### 6 अहाता के लिए 14 आवेदन

अहातों का टेंडर के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। दूसरे चरण में 6 अहातों के लिए 14 लोगों ने ही आवेदन किया था। इनमें सबसे ऊंची बोली लगाने वालों को ठेका दिया गया है।

### इस रेट पर गए अहाते

| अहाता | पुराना ठेका | नया ठेका | इतने घाटे में गया |
|---|---|---|---|
| देशी उरला अभनपुर | 4511000 | 3601000 | 910000 |
| देशी कम्पोजिट संतोषीनगर | 2811000 | 2221000 | 590000 |
| विदेशी सड्डू गोलबाजार | 2835000 | 2551900 | 284900 |
| विदेशी कटोरा तालाब | 4511000 | 3175000 | 1336000 |
| विदेशी फाफाडीह | 3065000 | 1651900 | 1413100 |
| | | | फायदे में गया |
| देशी माना | 1436000 | 1986000 | 550000 |

### 17 करोड़ से अधिक का राजस्व मिलेगा

जिले में अब सभी 56 अहातों का टेंडर हो चुका हैं। इन अहातों के ठेके पर जाने से विभाग को लगभग 17 करोड़ रुपये का राजस्व मिलेगा। अहातों का ठेका 11 माह के लिए 1 मई से 31 दिसंबर तक दिया गया है।

### सरकारी बोली घटाकर टेंडर निकाला

56 में से एक अहाता के लिए आवेदन नहीं आया था, वहीं 5 लोगों ने सरेंडर कर दिया था। शेष 6 अहाते भी ठेके पर चले जाएं, इसे प्राथमिकता देते हुए टेंडर सरकारी बोली घटाकर निकाला गया।

**- विकास गोस्वामी**
उपायुक्त, आबकारी रायपुर

# मतगणना में हर टेबल पर एक एजेंट नियुक्त कर सकेंगे प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




छत्तीसगढ़ के 11 लोकसभा क्षेत्रों में मतगणना को लेकर कांग्रेस ने हर विधानसभा वार लगने वाले टेबल के अनुसार एजेंटों की नियुक्ति के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी को नाम दिए हैं। निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिए गए नामों का वेरीफिकेशन कर मतगणना स्थल के लिए पास जारी किया जाएगा। सभी एजेंटों को मतगणना शुरू होने के आधे घंटे पूर्व वहां पर रिपोर्टिंग करनी होगी।

कांग्रेस ने सभी लोकसभा के आधार पर हर विधानसभा क्षेत्र के अपने कार्यकर्ताओं को मतगणना में लगाने का निर्णय लिया है। लोकसभा प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों और पिछले चुनावों में एजेंट के रूप में काम कर चुके लोगों को ही इस काम में लगाया है। लोकसभा चुनाव में पड़े मतों की गणना चार जून को होनी है। जिला प्रशासन और निर्वाचन कार्यालय तैयारियों में जुट गया है। तय किया गया है एक मतगणना टेबल पर प्रत्याशी का एक ही एजेंट रहेगा। विधानसभावार मतगणना कराई जाएगी। उसी अनुसार टेबल लगेंगी। एक विधानसभा क्षेत्र में 16 टेबल लगेंगी। इनमें एक आरओ की होगी, इस प्रकार एक प्रत्याशी को मतगणना के लिए लगभग 144 एजेंट चाहिए होंगे। कड़ी सुरक्षा में मतों की गणना होगी। दोपहर 12 बजे तक स्पष्ट रुझान भी आ जाएगा। सुरक्षा के लिहाज से पैरा मिलिट्री फोर्स और स्थानीय पुलिस को मतगणना कक्षों में लगाया जाएगा।

### दो जिलों में होगी रायपुर लोकसभा की गिनती

रायपुर लोकसभा में कुल 9 विधानसभा हैं, यहां पर हर विधानसभा में 16 टेबल मतों की गिनती के लिए लगेंगे। उसके आधार पर हर टेबल पर एक एजेंट को नियुक्त किया जाएगा। रायपुर के 7 विधानसभा क्षेत्रों की गिनती इंजीयनिरिंग कॉलेज रायपुर में होगी। दो विधानसभा क्षेत्र की गिनती बलौदाबाजार कृषि उपज मंडी में की जाएगी।

### 4 जिलों की बस्तर में गिनती

बस्तर लोकसभा में 8 विधानसभा हैं। इनमें नारायणणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा और कोंडागांव विधानसभा की गिनती उन्हीं जिलों के स्ट्रांग रूम में कराई जाएगी। वहीं बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट विधानसभा की गिनती जगदलपुर में होगी। गिनती पूरी होने के बाद परिणाम की घोषणा जगदलपुर में की जाएगी।

### 2 जिलों में होगी बिलासपुर की गितनी

बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र में 8 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें कोटा, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तुरी विधानसभा की गिनती बिलासपुर जिले में होगी। वहीं लोरमी और मुंगेली विधानसभा की गिनती मुंगेली जिले में होगी। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में 9 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। यहां पर मतगणना दो जिलों में होगी।

# प्रत्याशियों के एजेंट को मतगणना स्थल पर बैठने के लिए समय पर पहुंचना होगा, आवेदन एक जून तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव सिंह ने सोमवार को 4 जून को सेजबहार में होने वाली मतगणना को लेकर प्रत्याशियों और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशियों को अपने या पार्टी की ओर से एजेंट को मतगणना स्थल पर बैठाने के लिए 1 जून तक आवेदन करना होगा, साथ ही एजेंट को मतगणना स्थल पर बैठने के लिए साढ़े सात बजे तक समय पर पहुंचना होगा।

रेडक्रास सभाकक्ष में बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा कि डाक मतपत्रों को कलेक्टोरेट परिसर



स्थित जिला कोषालय के स्ट्रांगरूम से 4 जून को सुबह 6 बजे मतगणना स्थल शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार के डाक मतपत्र गणना हॉल में ले जाया जायेगा। साथ ही प्रत्याशी स्वयं एवं उनके एजेंट चाहें तो इस समय आ कर पूरी प्रक्रिया देख सकते हैं। मतगणना एजेंट के लिए आवेदन 1 जून तक तक लिया जाएगा। रायपुर जिले के 7 विधानसभाओं के आवेदन रिटर्निंग ऑफिसर कक्ष 2 में और बलौदाबाजार, भाटापारा संबंधित एआरओ के पास जमा करेंगे।

### तम्बाकू-गुटका सिगरेट भी बैन

कलेक्टर ने कहा कि मतगणना कक्ष में मोबाइल फोन, पेन ड्राइव, साइंटिफिक कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के साथ-साथ सिगरेट, तम्बाकू, गुटका आदि के उपयोग की भी अनुमति नहीं होगी, इसलिए एजेंड पाउच या पैकेट भी साथ में न लेकर जाएं। बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## करबला तालाब पर कब्जा विरोध में उतरे भाजपा पार्षद

रायपुर। राजधानी के स्वामी आत्मानंद वार्ड स्थित ऐतिहासिक करबला तालाब में सौंदर्यीकरण के नाम पर तालाब की जमीन पाटने को लेकर नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों ने स्थल पर प्रदर्शन किया। भाजपा पार्षद दल का कहना है कि करबला तालाब यानी आत्मानंद सरोवर में अवैध निर्माण किया जा रहा है। सौंदर्यीकरण के नाम पर तालाब की जमीन पाटी जा रही है। भाजपा पार्षद दल के विरोध के बाद नगर निगम व स्मार्ट सिटी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और रास्ते पर कंस्ट्रक्शन मटेरियल रखकर रास्ता जाम करने वालों का सामान जब्त किया।

## महिला थाने से काउंसलरों को हटाना दोषपूर्ण, खोला मोर्चा

**भिलाई।** महिला थानों में पदस्थ रहे 7 काउंसलरों को एसपी ने हटा दिया था। पारिवारिक मामलों के लिए काउंसलर के रूप में निःशुल्क सेवा देने वाले जिन काउंसलर को कार्यमुक्त किया गया है। उनमें से अधिवक्ता श्रीमती संगीता सिंह ने अपना पक्ष रखते हुए। बताया है कि वो 20 साल से वकालत कर रही हैं और पिछले 7 वर्ष से महिला थाने में निःशुल्क सेवा देती रही हैं। कार्यमुक्त करने एसपी द्वारा हमारे नैसर्गिक न्याय के विरुद्ध, दोषपूर्ण और एकतरफा आदेश जारी किया गया है। जिसकी शिकायत आईजी, कलेक्टर से की है। एकतरफा कार्रवाई के विरुद्ध विधिक कार्यवाही के लिए अग्रसर रहूंगी। श्रीमती सिंह ने बताया कि मुझे कार्यालय एसपी जिला दुर्ग का 20 मई का आदेश महिला थाना प्रभारी भिलाई के द्वारा वाट्सअप के माध्यम से 21 मई को मिला। जिसमें मुझ पर लगातार दुर्व्यवहार, पक्षपात पूर्ण काउंसलिंग करने का आरोप लगाकर कार्यमुक्त किया गया है, जो कि पूर्णतः असत्य व आधारहीन आरोप है। क्योंकि इस आरोप से संबंधित किसी भी शिकायत के संबंध में मुझे कोई सूचना या जांच कार्यवाही में शामिल नहीं किया गया। न ही मेरे पक्ष को कहीं भी सुना गया है। मेरे खिलाफ एकतरफा दोषपूर्ण आदेश जारी कर इसकी प्रतिलिपि सभी सार्वजनिक कार्यालयों, पुलिस थानों को प्रेषित की गई है। जो कि व्यक्तिगत, सामाजिक व व्यावसायिक प्रतिष्ठा को पूर्णतः ठेस पहुंचाते हुए मुझे दोषी करार देते हुए यह आदेश जारी किया गया है। इस पक्षपातपूर्ण एकतरफा की गई कार्यवाही के खिलाफ मैंने आईजी दुर्ग और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

# बैज ने डिप्टी सीएम शर्मा को लिखा पत्र, पूछा- नक्सली मुठभेड़ की जांच कराने से क्यों घबरा रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पीडिया और कांकेर नक्सली मुठभेड़ की जांच कराने की मांग को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को पत्र लिखा है। उन्होंने पूछा कि दोनों नक्सली मुठभेड़ों की जांच कराने से सरकार क्यों घबरा रही है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि कल आपने पत्रकार वार्ता लेकर पीडिया मुठभेड़ मामले में कांग्रेस जांच दल के उठाए गए तथ्यों पर आपत्ति व्यक्त की थी। उन्होंने लिखा है कि पीडिया मुठभेड़ हो या कांकेर की कोयलीबेड़ा मुठभेड़, कांग्रेस पार्टी ने अपनी ओर से सवाल नहीं खड़ा किया, सवाल वहां के ग्रामीणों ने खड़ा किया है।

कांग्रेस ने ग्रामीणों की मांग के बाद जांच कमेटी बनाई और जांच कमेटी में सभी आदिवासी नेता शामिल थे। जांच कमेटी ने ग्रामीणों से बात करने के बाद जो तथ्य पाया वह दुखद है। ग्रामीण और साक्ष्य बता रहे कि मुठभेड़ में मारे गए कुछ लोग निर्दोष थे, तो सरकार को इस मामले की जांच कराने से क्या परहेज है? हाईकोर्ट के वर्तमान जज की देखरेख में जांच करा ली जाए, ताकि स्थितियां साफ हो सकें। उन्होंने कहा, कांकेर में हुई मुठभेड़ में मारे गए लोगों के भी नक्सली होने पर सवाल खड़ा हुआ था, तब भी जांच की मांग हुई थी, सरकार ने जांच क्यों नहीं करवाई थी?

कांग्रेस नक्सलियों के नाम पर अपनी राजनीतिक दुकानदारी चलाना चाहती है : श्रीवास्तव



### आदिवासियों की जान की शर्त पर शांति मंजूर नहीं

उन्होंने पत्र में लिखा कि उप मुख्यमंत्रीजी बस्तर में शांति के लिए जितने चिंतित आप हैं, उतनी ही चिंतित कांग्रेस पार्टी भी है। कांग्रेस बस्तर में शांति बहाली के सरकार के हर कदम के साथ खड़ी है, लेकिन यह प्रयास बस्तर के मासूम आदिवासियों की जिंदगी की शर्त पर होंगी, तो यह हमें मंजूर नहीं। उन्होंने कहा, नक्सलियों से सुझाव मांगने वाली सरकार को विपक्ष की बात भी सुननी चाहिए। उन्होंने अपने पत्र में रमन सरकार में घटित फर्जी मुठभेड़ों का भी जिक्र किया।

### सुझाव मांगने पर भी नकारात्मक राजनीति कर रही कांग्रेस- श्रीवास्तव

इधर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा लिखे गए पत्र को कोरी राजनीतिक जुमलेबाजी करार दिया है। उन्होंने कहा, शांति और भरोसे की बात कम-से-कम कांग्रेस और उसके प्रदेश अध्यक्ष न ही करें, तो बेहतर है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार नक्सल उन्मूलन की दिशा में तेजी से आगे बढ़कर लगातार विकास के माध्यम से विश्वास बहाली में जुटी है। भाजपा की सरकार ने नक्सल प्रभावित आदिवासी इलाकों तक विकास के कार्य किए हैं और नक्सलियों का हौसला तोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा, बेहतर होता यदि प्रदेश हित में नक्सलवाद को खत्म करने, नक्सली गतिविधियों को रोकने के लिए बैज कोई सार्थक व सुपरिणामकारी सुझाव देते। उनके उन सुझावों पर निश्चित ही प्रदेश सरकार अमल करती, लेकिन दुर्भाग्य है कि कांग्रेस नक्सलियों के नाम पर अपनी राजनीतिक दुकानदारी चलाना चाहती है। कुल मिलाकर एक सुझाव मांगने के नाम पर भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजनीति कर रही है, फरेब कर रही है।

# शीतला तालाब की बर्बादी के लिए नपं उतई के कांग्रेस और भाजपा पार्षद संयुक्त रूप से दोषी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नगर पंचायत उतई के प्रमुख शीतला तालाब की दलदल निकालने और सौंदर्यीकरण करने के बहाने नगर पंचायत उतई द्वारा एक प्रस्ताव लेकर कलेक्टर दुर्ग के माध्यम से अनुमति करवाकर भारत माला योजना के ठेकेदार को खोदाई के लिए दे दिया गया।

खोदाई के बहाने उनके द्वारा तालाब की व्यवस्थित खुदाई की बजाय मनमाने तरीके से अनेक स्थानों पर गहरे और खतरा नुमा खाई नुमा गड्ढे खोद दिए गए जिससे तालाब आज बर्बादी की ओर अग्रसर हो चुका है। यदि इस स्थिति में तालाब में पानी भर भी दिया जाय तो निस्तारी करने वालों की जान को सदैव खतरा बना रहेगा और अचानक कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना हो सकती है। इस पूरे मामले में सबसे गंभीर बात यह है कि इस खुदाई हेतु लिए गए प्रस्ताव का नगर पंचायत उतई की कांग्रेस सरकार का किसी भाजपाई पार्षद ने भी विरोध नही किया अपितु पूरी सहमति के साथ समर्थन देते हुए हस्ताक्षर किया, जो इस बात का प्रमाण है कि शीतला तालाब की बर्बादी में नगर की कांग्रेस सरकार की जितनी जवाबदेही है उतनी की जवाबदेही सदन के भाजपा पार्षदों की भी है। जिन्होंने आंखे मूंद कर इस बर्बादी के प्रस्ताव का समर्थन किया। खोदाई प्रारंभ होने के बाद विधायक के करीबी कुछ भाजपाइयों की गाड़ियां भी महीनों से तालाब में चली जिससे उन्होंने काफी आर्थिक लाभ भी निश्चित ही लिया होगा।

**ट्रेनों के लेट होने के कारण स्टेशन से देर रात घर पहुंचने में यात्रियों को हो रही दिक्कत**

# यात्रियों को नहीं मिली थी री-शेड्यूल की सूचना हसदेव एक्सप्रेस 6 की जगह रात 9 बजे छूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी के दिनों में लंबी दूरी की यात्री ट्रेनें लेटलतीफी का रिकॉर्ड बना रही हैं। देर से चल रही ट्रेनों को पास देने के चक्कर में जोन की ट्रेनों को भी देर से गंतव्य तक पहुंचाया जा रहा है। रायपुर से कोरबा के बीच चलने वाली 18251 हसदेव एक्सप्रेस एक लोकप्रिय ट्रेन है, जिसमें लोग महत्वपूर्ण काम से कोरबा आना-जाना करते हैं। रविवार को इस ट्रेन में भीड़ और भी बढ़ जाती है। 26 मई को महिला संगठनों की मीटिंग में दर्जन से अधिक महिलाएं कोरबा से रायपुर आई हुई थीं। उन सभी को लौटते समय रायपुर से हसदेव एक्सप्रेस मिली, जिसको रीशेड्यूल करते हुए रेल प्रशासन ने 26 मई की शाम 6 बजे के बजाय रायपुर से ही रात को 9.23 बजे छोड़ा। अपने बच्चों के साथ अकेले इस ट्रेन पर सवार सैकड़ों महिला यात्री परेशान होने लगीं।

### लंबी दूरी के साथ छोटी दूरी की ट्रेनों का भी बिगड़ा समय

#### देर रात पहुंची ट्रेन, नहीं मिला ऑटो



ट्रेनों के लगातार लेट होने से रेलवे ट्रेनों को रीशेड्यूल कर रहा है, लेकिन इसकी सूचना फोन पर यात्रियों को नहीं मिल रही है। यात्रियों ने हरिभूमि को बताया कि स्टेशन जाने पर रीशेड्यूल होने की जानकारी मिली। हसदेव एक्सप्रेस अपने अंतिम स्टेशन कोरबा रात को 9.45 बजे के बजाय अगले दिन 27 मई को यानी 26 और 27 मई की दरमियानी रात 2.32 बजे पहुंची। यह ट्रेन भाटापारा स्टेशन पर शाम को 6.53 की जगह रात को 10.27 पर और जोन मुख्यालय बिलासपुर स्टेशन पर शाम को 7:55 बजे के बजाय रात 12:50 पर पहुंची। ट्रेन में सवार महिला यात्री और बच्चे बहुत परेशान हो गए। खासकर उन महिलाओं को बहुत परेशानी हुई, जो इस ट्रेन में अकेले यात्रा कर रही थीं। बिलासपुर स्टेशन से बाहर निकलने के बाद इतनी देर रात घर जाने के लिए ऑटो की व्यवस्था करना किसी चुनौती से कम नहीं रहा।

### शाम से रात तक स्टेशन में ट्रेन का इंतजार

26 मई रविवार होने के कारण कोरबा जाने महिला यात्रियों की संख्या अधिक थी, जिसमें कई अकेले सफर कर रही थीं। ऐसे यात्रियों को गंतव्य स्टेशन पर पहुंचने के बाद देर रात अपने घर पहुंचने के लिए भी परेशानी का सामना करना पड़ा। यह ट्रेन चांपा रात में 8:56 के बजाय रात को 2:00 बजे और कोरबा 9:45 के बजाए 2:32 पर पहुंची। रीशेड्यूल की जानकारी यात्रियों को स्टेशन आने पर मिली, जिसके कारण यात्रियों को शाम से रात तक स्टेशन में इंतजार करना पड़ा।

## खबर संक्षेप

### सौम्या, रानू की रिमांड 3 जून तक

**रायपुर।** माइनिंग घोटाले में जेल में बंद पूर्व आईएएस रानू साहू तथा राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर रहीं सौम्या चौरसिया को ईओडब्ल्यू रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। रिमांड खत्म होने के बाद दोनों आरोपियों को जांच एजेंसी ने सोमवार को कोर्ट में पेश किया। ईओडब्ल्यू ने दोनों से पूछताछ करने नौ दिन रिमांड पर लेने कोर्ट में आवेदन पेश किया। ईओडब्ल्यू के आवेदन पर कोर्ट ने दोनों आरोपियों को सात दिन यानी 3 जून तक की रिमांड स्वीकृत की है। इसके अलावा ईडी ने नान घोटाले के आरोप में गिरफ्तार राइस मिलर रोशन चंद्राकर की रिमांड खत्म होने पर पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने चंद्राकर को 14 दिनों के लिए 10 जून तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया है।

### अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार



**रायपुर।** गंज पुलिस ने उत्तरप्रदेश के गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से डेढ़ लाख रुपए कीमत का गांजा जब्त किया है। जौनपुर निवासी जयबिग वर्मा को गांजा तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। जयबिग ओडिशा से गांजा तस्करी कर उत्तरप्रदेश ले जाने की फिराक में था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जयबिग को रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 2 के पास गिरफ्तार किया है।

### शराब की अवैध बिक्री दो कोचिया गिरफ्तार



**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने दो कोचियों को शराब की अवैध बिक्री करते गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 77 सौ रुपए कीमत की 70 पौवा देशी शराब जब्त की है। पुलिस के मुताबिक शराब की अवैध बिक्री करने के आरोप में गोकुल तांडी तथा प्रकाश निहाल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों को खालबाड़ा के पास से शराब बेचते पकड़ा।

### हत्या की कोशिश, फरार बदमाश गिरफ्तार



**रायपुर।** सरस्वती नगर पुलिस ने हत्या की कोशिश करने के आरोप में 10 माह से फरार आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। पुलिस के मुताबिक गुढ़ियारी निवासी पवन यादव को हत्या की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार मामूली बात पर पवन ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एक अन्य युवक की बुरी तरह से पिटाई करते हुए उसके ऊपर जानलेवा हमला किया था। घटना के बाद पुलिस से बचने पवन फरार हो गया था।

# गतिशील दुनिया में योग व मेडीटेशन का अपना एक अलग महत्वः राहुल

## शांत्रीबाई महाविद्यालय में मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं शिक्षा संकाय बीएड के संयुक्त तत्वावधान में मूल्यवर्धित 21 दिवसीय पाठ्यक्रम योग एंड मेडिटेशन का समापन किया गया। समापन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित छग चन्द्रनाहूं शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर, सचिव कमलेश चंद्राकर, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर व योग व मेडिटेशन प्रशिक्षक के रुप में सुनिता देवांगन, प्रीति साहू पतंजलि महिला योग समिति संरक्षक एवं सत्यम योग अकादमी के संचालक सत्यनारायण दुर्गा व बीएड विभागाध्यक्ष मेनका चंद्राकर रहे। अतिथियों द्वारा योग व मेडिटेशन प्रशिक्षकों को सस्मान स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। साथ ही मूल्य वर्धित 21 दिवसीय पाठ्यक्रम योग एंड मेडिटेशन में पंजीकृत छात्र-छात्राओं को प्रमाण प्रत्र प्रदान किया गया। बाद अध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि आज के इस गतिशील दुनिया में योग व मेडिटेशन का अपना एक अलग महत्व है। आज हम योग व मेडिटेशन के माध्यम से अपने आपको तरोताजा रख कर अपने कार्य क्षमता को बढ़ा सकते है। यह हमारे लिए, शारीरिक और मानसिक फायदेमंद है। सचिव कमलेश ने कहा कि आज योग व मेडिटेशन विश्वविख्यात है। आज के इस युग में योग स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हो गया है। योग के माध्यम से आज ऐसे लाइलाज रोग भी ठीक हो रहे है। वर्तमान में महाविद्यालय द्वारा यह मूल्य वर्धिक पाठ्यक्रम अवश्य ही छात्रों के लिए फायदेमंद होगा। उपस्थित महाविद्यालय की प्राचार्य डा चंद्राकर ने मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम योग व मेडिटेशन की उपयोगिता के बारे में बताते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग का वास होता है। इसके लिए आज योग व मेडिटेशन अनिवार्य हिस्सा बन गया है। बीएड विभागाध्यक्ष मेनका ने कहा कि शिक्षा विभाग का यह मूल्य वर्धित कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के साथ समस्त स्टाफ के लिए फायदेमंद रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के नारायण चक्रधारी, शत्रुघन पटेल, देवेंद्र चंद्राकर, आकांक्षा सिंह, गायत्री चंद्राकर, गुलाब चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल आदि मौजूद रहे। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी घनश्याम साहू ने दी है।

# आज एसडीएम दफ्तर में जनचौपाल लगाएंगे चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बुधवार 29 मई को अनुविभागीय अधिकारी, तहसील कार्यालय व अन्य सरकारी कार्यालय से संबंधित आम नागरिकों की परेशानी को लेकर कार्यालय प्रमुखों से भेंटकर समस्या सुलझाने का प्रयास करेंगे। प्रति बुधवार एसडीएम कार्यालय परिसर में 11 से 12 बजे तक परेशान लोगों से भेंट कार्यक्रम के दूसरे चरण में उपस्थित होकर कार्रवाई को आगे बढ़ाएंगे एवं अपने राजनीतिक कर्तव्य को पूर्ण करेंगे। डॉ चोपड़ा एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रशासनिक अधिकारियों से विनम्र अनुरोध किया है कि आम जनता की परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निपटाएं। ताकि, जनता को इस बात की अनुभूति हो कि अब भारतीय जनता पार्टी का शासन आ चुका है। प्रशासनिक अधिकारी चुनावी व्यस्तताओं के बाद आप जल्द ही फाइलों का निपटारा करें, जिसके लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता शासन स्तर पर उनका हर प्रकार का सहयोग करने को तैयार है। डॉ चोपड़ा ने आम जनता से अनुरोध किया है कि किसी भी उचित समस्या के समाधान के लिए वे प्रत्येक बुधवार को 11 से 12 के मध्य एसडीएम कार्यालय परिसर में मिलकर अपनी समस्या उन्हें बता सकते हैं। इसके लिए, उचित समाधान का प्रयास किया जाएगा।

## रेडी टू ईट का निर्माण कार्य समूहों को देना स्वागतेय



**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी मंडल तुमगांव महिला मोर्चा के महामंत्री गिरिजा दास ने रेडी टू ईट निर्माण का कार्य स्वसहायता समूह की महिलाओं को दिए जाने के निर्णय का स्वागत किया है। गिरिजा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को धन्यवाद प्रेषित कर आभार व्यक्त किया है। गिरिजा ने कहा कि भूपेश सरकार ने स्वसहायता की माता बहनों से यहकार्य छीन कर हरियाणा प्रदेश के एक व्यापारी को काम दे दिया था, जिससे छत्तीसगढ़ प्रदेश की अनेक समूह की महिलाओं को भारी आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ा है। समूह की महिलाओं ने बैंक से लोन लेकर रेडी टू ईट निर्माण सामग्री एवम मशीन क्रय किए थे और खुशहाली पूर्वक अपना जीवन यापन कर रही थी, जिसे पिछली सरकार की क्रूरतम निर्णय के कारण विलग होना पड़ा। महिलाओं की इस संवेदना को समझते हुए प्रदेश के संवेदनशील विष्णुदेव सरकार ने पुनः निर्माण कार्य का आदेश दिया है, जो कि महिलाओं को समृद्ध बनाने का अनुकरणीय पहल है। इस महत्वाकांक्षी निर्णय से प्रदेश की महिलाओं में हर्ष व्याप्त है।

# भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



विधायक कार्यालय में विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता विश्वनाथ नायक ने कहा कि पंडित नेहरू ने देश हित में जो कार्य किया है वो अतुलनीय है। उनके योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम को वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता केशव चौधरी और आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहनलाल भोई ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता पिंगल गार्डिया (वरिष्ठ), भोजराम साहू, दीपांजली बारीक, हेमा श्रीवास, वाल्मीकि मेहेर, जयंत यादव, विभीषण चौहान, दुष्यंत कुमार साहू, लक्ष्मीनारायण चौहान, हेमसागर रौतिया, कमल किशोर चौहान सहित कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र साहू और आभार प्रदर्शन जनपद सदस्य प्रतिनिधि क्षमानिधि साहू ने किया।

# बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छात्रों व पालकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



मुस्लिम जमात के अध्यक्ष शाहिद हुसैन के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के होनहार बच्चे जिन्होंने हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, उन सभी बच्चों एवं माता-पिता का समाज द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।

स्थानीय मदरसा निजामिया हाल में आयोजित कार्यक्रम में मनोज पटेल प्राचार्य आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सरायपाली, आभास अग्रवाल संचालक प्रतिभा कॉलेज बालसी, अनुराग मसीह प्राचार्य ईवास इंग्लिश मीडियम स्कूल सरायपाली एवं संजय सतपथी प्राचार्य केजी कांवेंट स्कूल सरायपाली विशेष रूप से मंचासीन थे। अतिथियों द्वारा होनहार बच्चों को आगे बढ़ने एवं माता-पिता का सिर ऊंचा करने के लिए प्रेरित किया एवं आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में समाज की ओर से सभी बच्चों के स्कूलों से प्राचार्य एवं शिक्षकगणों को आमंत्रित किया गया था, जिनका सहयोग समाज को प्राप्त हुआ।

उन्होंने भविष्य में भी बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सहयोग करने की बात कही। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से मुस्लिम समाज अध्यक्ष शाहिद हुसैन, हाजी नईम लखानी, तव्व्वूब तुल्ला खान, जनाब खान, तबारक हुसैन रजा प्रशासनिक प्रमुख सलाहकार, शेख शमसुद्दीन, गुड्डा शाह, अतहर अली, इश्तियाक मेमन, मो. आदम, कलीम मो., हाजी अय्यूब मेमन, इमरान मेमन का विशेष सहयोग रहा।

# जब्बार नाले में जबर कचरा जेसीबी से निकाला 80 डंपर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के जलभराव वाले क्षेत्रों में बारिश पूर्व नाला सफाई के लिए नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग सफाई अभियान चला रहा है। सोमवार को शहर के आउटर क्षेत्र स्थित जब्बार नाला से पोकलेन मशीन लगाकर 80 डंपर कचरा बाहर निकाला गया। इसी तरह राजातालाब इलाके के अरमान नाला की सफाई के दौरान 40 डंपर कचरा निकालकर नाले की सफाई कराई।

- बारिश पूर्व नगर निगम पोकलेन मशीन से करा रहा नाला सफाई

बड़े नालों की सफाई कराने नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने 2 विभागीय पोकलेन मशीन के साथ ही किराये पर पोकलेन मशीन को नाला सफाई कार्य में लगाया है। नाला सफाई कार्य की मानिटरिंग अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही की टीम कर रही है। सोमवार को अरमान नाला क्षेत्र और समता कालोनी मार्ग के नाले की सफाई कार्य का अपर आयुक्त ने निरीक्षण किया।

### सप्ताहभर से चल रही जब्बार नाला की सफाई

नगर निगम जोन 3 के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जब्बार नाला क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से पोकलेन मशीन की सहायता से नाला सफाई कराई जा रही है। इस दौरान 80 डंपर कचरा बाहर निकाला जा चुका है। इसी तरह अरमान नाला में पोकलेन मशीन से नाला सफाई का काम जोन स्तर पर किया जा रहा है। अब तक 40 डंपर कचरा नाले के बाहर निकालने का काम पूरा हो गया है।

### मेनुअल सफाई के लिए ठेके पर 250 कर्मचारी

नगर निगम मुख्यालय के स्वास्थ्य विभाग ने 10 जोन में नाला सफाई के लिए 250 सफाई कर्मचारी ठेके पर रखे हैं। एक जोन में 25 ठेका सफाई कर्मचारी नाला गैंग के नाम से रखा गया है। इस तरह 10 जोन के लिए 250 सफाई कर्मचारी नाला सफाई कार्य के लिए अलग से रहेंगे। जहां नाले की सफाई मेनुअल तरीके से नहीं हो पा रही, वहां पोकलेन मशीन लगाकर बारिश पूर्व नाला सफाई कराई जा रही है।

# सुपारी किलिंग करने आए शूटरों के पास कारोबारी के साथ उसके घर का फोटो

- गूगल मैप से नक्शा तैयार कर भागने का रूट प्लान कर लिया था
- हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश ओडिशा के रास्ते बोकारो भागने की फिराक में थे

मौके का नक्शा बरामद



बदमाशों को एक-दूसरे से पहचान के लिए मिला था कोड नेम

मलेशिया से मारने का आदेश, बाइक राइडर बनकर शूटर पहुंचे थे रायपुर, उगाही के लिए था पूरा खेल

पकड़े जाने पर राम-राम, जय माता दी, 29-29 कोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में कारोबारी की हत्या कर हड़कंप मचाने की फिराक में पकड़े गए झारखंड के अमन साहू गैंग के चार शूटरों से पूछताछ में पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। पुलिस के अनुसार बदमाश कारोबारी की हत्या करने पूरी प्लानिंग के साथ रायपुर पहुंचे थे। कारोबारी की हत्या करने रायपुर पहुंचे शूटर सोमवार को सुबह पचपेड़ी नाका चौक के पास मिलने वाले थे। इसके बाद कारोबारी के ऑफिस निकलने के टाइम में उन फायरिंग कर हत्या करने की प्लानिंग थी। गौरतलब है कि पुलिस ने रविवार को अमन साहू गैंग के तीन शूटरों को रायपुर तथा एक शूटर को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। शूटर रायपुर तथा रायगढ़ में कोल तथा रोड कांट्रेक्टर द्वारा रंगदारी नहीं देने पर हत्या करने की फिराक में रायपुर पहुंचे थे।

हरिभूमि फॉलोअप

### ओडिशा के रास्ते बोकारो भागने की फिराक में

पुलिस के अनुसार बदमाश जिस बाइक में घटना को अंजाम देते, उसके बाद उस बाइक को रास्ते में लावारिश हालत में छोड़कर तथा अपना गेटअप चेंज कर कोई दूसरा वाहन चोरी कर ओडिशा के रास्ते झारखंड, बोकारो भागने की फिराक में थे। मंदिर हसौद तथा आरंग के टोल प्लाजा में लगे सीसीटीवी से बचने बदमाशों ने अंदर के रास्ते स्टेट हाईवे होते हुए महासमुंद के रास्ते ओडिशा से बोकारो भागने की प्लानिंग की थी।

### फुल प्रूफ प्लान बनाकर आए थे

पुलिस के अनुसार शूटरों ने घटना को अंजाम देने तगड़ी तैयारी की थी। कहीं चूक न हो, इसके लिए कारोबारी जिस कार से आना-जाना करते थे, उस कार का नंबर शूटरों के पास से पुलिस को मिला है। इसके साथ ही कारोबारी जहां रहता है, उस घर की लोकेशन का नक्शा पुलिस को बदमाशों के पास से मिला है। इसके साथ ही पुलिस को बदमाशों के पास से कारोबारी के फोटो के साथ उनके मकान का फोटो मिला है।

## गांजा बेच रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

**धमतरी।** गांजा की बिक्री कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1.796 किग्रा गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 18 हजार रुपए आंकी गई है। सिटी कोतवाली धमतरी को मुखबिर से सूचना मिली कि सिहावा चौक स्टेशनपारा रोड जाने के रास्ते में एक युवक नीले रंग के थैले में गांजा पकड़ा हुआ है। सूचना पर तत्काल सिटी कोतवाली धमतरी एवं साइबर टीम ने दबिश देकर युवक को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। युवक वहां पर गांजा बेच रहा था, पुलिस को देखकर ग्राहक तो भाग गए, लेकिन बेचने वाला युवक रामकुमार नेताम उम्र 29 साल साकिन बैलाबाजार के पास विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे पुलिस की गिरफ्त में आ गया। उसके खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा 20 के तहत कार्रवाई की गई है।



## तीन दिवसीय सिंगी चिकित्सा शिविर आज से

**महासमुंद।** शहर के गायत्री शक्तिपीठ में आज 29 से 31 मई तक प्रातः 8 से 2 बजे तक सिंगी चिकित्सा की जाएगी। जानकारी देते हुए संचालक हेमलता साहू व तिलकचंद साव ने बताया कि यह एक वात रक्त मोचन चिकित्सा है इस चिकित्सा घुटना दर्द, कमर दर्द, सर्वाइकल या अन्य प्रकार के वात संबंधित रोग के लिए रसिंगी तथा लीचर कपीग चिकित्सा के माध्यम से दर्द का निवारण किया जाता है।

# यात्रियों के लिए विमानतल पर खुले दो नए फूड आउटलेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट के माध्यम से अपनी यात्रा पूरी करने वालों को विमानतल पर खानपान के साथ शॉपिंग की सुविधा भी मिल रही है। हाल ही में शुरू किए गए दो नए फूड आउटलेट के साथ टर्मिनल भवन के भीतर इनकी कुल संख्या आधा दर्जन हो गई है। इसके साथ ही शॉपिंग के साथ यात्रियों को स्पा की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

कोरोना महामारी के दौरान रायपुर विमानतल पर बंद हुआ फूड जोन और आउटलेट्स प्रबंधन की कोशिशों के बाद काफी संख्या में खुल गए हैं। पिछले दिनों एयरपोर्ट निदेशक और यात्रियों ने वहां दो नए फूड आउटलेट्स की शुरुआत की। यहां यात्रियों को खानपान की सुविधा मिलेगी। इसके पूर्व विमानतल पर चार एफएंडबी आउटलेट संचालित किया जा रहा है। इसमें से तीन भूतल और एक पहली मंजिल में विमान का इंतजार करने वाले यात्रियों को जरूरी खाने-पीने की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा टर्मिनल भवन के भीतर चार रिटेल शॉप खोले गए हैं, जहां यात्री अपनी जरूरत के हिसाब से सामान की खरीदी कर पाते हैं। यात्रा की थकान मिटाने के लिए यहां यात्रियों के लिए मालिश सहित अन्य वेलनेस की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

### रोजाना सात हजार यात्री

विमानतल सूत्रों के अनुसार रायपुर एयरपोर्ट के माध्यम से देश के 13 शहरों में यात्रियों की आवाजाही हो रही है। वर्तमान में यहां प्रतिदिन सात हजार से अधिक यात्री विभिन्न फ्लाइट के माध्यम से आवागमन कर रहे हैं। छुट्टियों की वजह से यात्रियों की संख्या अभी बढ़ी हुई है।

### इस तरह की सुविधा

भूतल में पैक्ड फूड, सॉफ्ट ड्रिंक के दो शॉप के अलावा लक्जरी चॉकलेट शॉप की सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के आवश्यक सामान के साथ बस्तर ट्राइबल सहित छत्तीसगढ़ के स्थानीय आर्ट को भी यात्रियों के बीच मंच प्रदान किया गया है। यहां से राज्य की कला देश के अन्य शहरों तक पहुंच रही है।

# ओडिशा-छग के बस ऑपरेटर्स भिड़े, 11 जून से राज्य की सीमा पर ही रोकी जाएंगी ओडिशा की बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



यात्री बस संचालन को लेकर छत्तीसगढ़ तथा ओडिशा के बस ऑपरेटरों के बीच टकराव के हालात बन गए हैं। छत्तीसगढ़ के बस ऑपरेटरों ने ओडिशा के बस संचालकों पर बस संचालन करने को लेकर बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाया है। जारी टकराव के बीच राज्य के बस ऑपरेटरों ने हालात नहीं सुधरने पर 11 जून से ओडिशा की बसों का संचालन रोकने की चेतावनी दी है। छत्तीसगढ़ के बस ऑपरेटरों का कहना है कि दोनों राज्यों के बीच अंतरराज्यीय परमिट के तहत बसों का संचालन किया जा रहा है। इसके लिए नियमानुसार रूट और समय निर्धारित किया गया है, लेकिन ओडिशा के बस मालिक अपने मनमुताबिक इसका संचालन कर रहे हैं, जिसकी शिकायत परिवहन सचिव एस. प्रकाश तथा अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर से की गई है। उन्हें बताया गया है कि ओडिशा के बस ऑपरेटर छत्तीसगढ़ की बसों को रोक रहे हैं। इस संबंध में राज्य परिवहन विभाग के अफसरों से ओडिशा के अफसरों से संपर्क कर बस संचालन में बाधा उत्पन्न करने वाले बस ऑपरेटर तथा यूनियन के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### सवारी बैठाने को लेकर विवाद

बस ऑपरेटरों के मुताबिक ट्रेन के लेट होने के साथ ही कैंसिल होने तथा कन्फर्म टिकट नहीं मिलने की वजह से ज्यादातर लोग रायपुर से बस के माध्यम से ओडिशा जाना चाहते हैं। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ से ओडिशा के बस किराया में 25 से 30 प्रतिशत का अंतर है। इसीलिए यात्री छत्तीसगढ़ की बसों से आवाजाही करना पसंद करते हैं। ओडिशा के बस ऑपरेटर सवारी नहीं मिलने से नाराज होकर ओडिशा में छत्तीसगढ़ की बसों में सवारी बैठाने को लेकर विवाद करते हैं। ओडिशा ट्रांसपोर्ट यूनियन से जुड़े लोग छत्तीसगढ़ की बसों को ओडिशा में टाइमिंग से छोड़ने रोकने बाधा उत्पन्न करते हैं।

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### बाल बैंडमिंटन स्पर्धा के लिए दो खिलाड़ी चयनित

**महासमुंद।** अखिल भारतीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद से दो खिलाड़ी मुरली सिंह राजपुरोहित व ओमप्रकाश ध्रुव का चयन पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर टीम में हुआ है। ये खिलाड़ी 31 मई से 3 जून को आयोजित जेपियार यूनविर्सिटी चेन्नई के लिए रवाना होंगे। खिलाड़ियों के चयन पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल, क्रीड़ा अधिकारी दिलीप लहरे, खेल अधिकारी मनोज घृतलहरे, मुकेश पेन्दरिया, प्रभात, भूषण, गजेंद्र, अंकित लूनिया, लोकेश आदि ने हर्ष जताया है।



### दामोदर सावरकर की जयंती मनाई गई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में देश के प्रखर राष्ट्रवादी महान स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की जयंती मनाई गई। इसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, अंजु चंद्राकर, बबली चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, पारु चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर ने कहा कि विनायक दामोदर सावरकर ने राष्ट्रवादी राजनीतिक विचारधारा विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और स्वाधीनता संग्राम के सेनानी थे, बल्कि महान क्रांतिकारी चिंतक, लेखक, कवि, वक्ता, और दूरदर्शी राजनेता भी थे। भारत के स्वाभिमान स्वतंत्र आंदोलन में विनायक दामोदर सावरकर ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था और भारतीय स्वतंत्र आंदोलन में भूमिका निभाने वाले एक ऐसे क्रांतिकारी थे। हर साल 28 मई के दिन विनायक दामोदर सावरकर की जयंती मनाई जाती है।

### अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

**महासमुंद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय क्षेत्र क्रमांक 09 महासमुंद के मतगणना कार्य 4 जून 2024 को प्रातः 6 बजे से कृषि उपज मंडी परिसर पिटियाझर महासमुंद में किया जाएगा। रिटर्निंग ऑफिसर प्रभात मलिक ने विधानसभा और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की टेबल में टेबुलेशन एवं अन्य कार्य किए जाने के लिए मधु साहू उपसंचालक जिला योजना एवं सांख्यिकी के मार्गदर्शन में कार्य संपादित करने के लिए विधानसभा वार अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 39-सरायपाली के लिए सहायक अधिकारी के रूप में जुगल किशोर पटेल तहसील सरायपाली, सहायक टेबुलेशन अधिकारी संजय कुमार साहू सहायक सांख्यिकी अधिकारी, सहायक के रूप में लोकेश कुमार वर्मा डाटा एंट्री ऑपरेटर, दिनेश कुमार लहरे डाटा एंट्री ऑपरेटर व फोटोकॉपी एवं अन्य कार्य के लिए चंद्र कुमार जसपाल भृत्य की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 40-बसना के लिए सहायक अधिकारी के रूप में नितिन ठाकुर तहसीलदार पिथौरा, सहायक टेबुलेशन अधिकारी निखिल भारद्वाज सहायक सांख्यिकी अधिकारी, सहायक हरिकेश चौधरी डाटा एंट्री ऑपरेटर, मनीष दीवान डाटा एंट्री ऑपरेटर व फोटोकॉपी तथा अन्य कार्य के लिए नागेश ध्रुव अभिलेख की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 40-खल्लारी के लिए सहायक अधिकारी के रूप में लीलाधर कंवर तहसीलदार बागबाहरा, सहायक टेबुलेशन अधिकारी कैलाश साहू सहायक सांख्यिकी अधिकारी, सहायक रणवीर सोनी डाटा एंट्री ऑपरेटर, टेकराम रात्रे डाटा एंट्री ऑपरेटर व फोटोकॉपी एवं अन्य कार्य के लिए कमलेश कुमार भृत्य तथा विस क्षेत्र क्रमांक 42-महासमुंद के लिए सहायक अधिकारी श्रीधर पंडा प्रभारी तहसीलदार महासमुंद होंगे।

# समर कैंप में अनुशासन के साथ विभिन्न विधाओं को भी सीख रहे हैं बच्चे

## समर कैंप में बच्चों की माताओं को किया गया आमंत्रित, कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि कैंप का लाभ ले रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पीएमश्री विद्यालय बृजराज द्वारा

- प्रतिदिन समर कैंप में 100 से 120 भाग ले रहे हैं बच्चे

आयोजित समर कैंप स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी आदर्श विद्यालय के सभागार में संचालित हो रहा है। समर कैंप के पंद्रहवें दिवस बच्चों की माताओं को आमंत्रित किया गया। ताकि, उनके बच्चे समर कैंप में क्या क्या सीख रहे है इसकी जानकारी दे सकें। पंद्रह दिनों से लगातार चल रहे इस कैंप में शारीरिक व मानसिक विकास पर कुशल प्रशिक्षकों द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिसमें पीएमश्री बृजराज के बच्चों के साथ-साथ शहर के अन्य शाला के बच्चे भी भाग ले रहे हैं।

समर कैंप में बच्चों की माताओं ने किए गए कार्यों जिसमें योग, जुंबा, नृत्य, संगीत, क्राफ्ट, स्पोकन इंग्लिश, हिंदी कहानी कविता की कक्षाओं का अवलोकन किया। जिसमें उन्होंने बच्चों के साथ-साथ योग, जुंबा, नृत्य संगीत में भी भागीदारी की। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमारे बच्चे समर कैंप में बहुत लाभ ले रहे हैं। बच्चों ने यहां व्यर्थ पदार्थ जिसमें की घरों में हम फेंक देते हैं उनसे किस प्रकार से खिलौने, कठपुतली, सजावटी सामान बनाया जा सकता है उसको सीखा है। घर में जाकर भी उसका अभ्यास भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों ने समर कैंप में अनुशासन के साथ-साथ विभिन्न विधाओं को भी सीख रहे हैं। इस समर कैंप का लाभ पूरे शहर के बच्चों को हो रहा है। यह शाला के लिए भी अत्यंत खुशी की बात है। जिसमें बच्चों के साथ-साथ माता एवं पालक भी भाग ले रहे हैं। माताओं ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमारे बच्चे अभी गर्मी की छुट्टी में दिनभर मोबाइल चलाते रहते थे। अभी जब से समर कैंप की शुरुआत हुई है, तब से बच्चे मोबाइल से दूरी बनाए हुए हैं। समर कैंप में जितना चीजों को बताया जा रहा है वह घर में जाकर उसकी प्रैक्टिस करते हैं। इस तरह से बच्चे उन विधाओं में पारंगत भी होते जा रहे हैं।



### आत्मरक्षा का भी प्रशिक्षण

समर कैंप में बच्चे सुबह और शाम दोनों समय लाभ उठा रहे हैं। शाम के समय खेल का प्रशिक्षण दिया जाता है। जिसमें बच्चे हॉकी, हैंडबॉल, कैरम, शतरंज, वॉलीबॉल आदि भी सीख रहे हैं। बच्चों को आत्मररक्षा भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें निश्चित ही बच्चों का मानसिक विकास तो हो ही रहा है। साथ ही बच्चों को शारीरिक विकास को भी ध्यान में रखते हुए समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन समर कैंप में 100 से 120 बच्चे भाग ले रहे हैं। जिसमें किसी भी शाला के बच्चे भाग ले सकते हैं। कैंप में 3 वर्ष से बच्चों को लेकर 18 साल तक के बच्चे भाग ले रहे हैं। समर कैंप में प्रतिदिन पीएमश्री विद्यालय बृजराज के समस्त स्टाफ, रसोइया एवं समर कैंप में कुशल प्रशिक्षक उपस्थित होकर बच्चों को सिखा रहे हैं।

## निर्देश : कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

# छात्रावास और शालाओं का निरीक्षण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर प्रभात मलिक ने समय-

- साफ-सफाई, पेयजल व फर्नीचर की व्यवस्था हो

सीमा की बैठक लेकर जिला अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर मलिक ने लंबित समय-सीमा पत्रकों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी हॉस्टल और शालाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने कहा कि शाला प्रारम्भ होने के पूर्व 10 जून तक निरीक्षण कार्य पूर्ण कर लें। यह सुनिश्चित करें कि बाथरूम, साफ-सफाई, पेयजल, फर्नीचर आदि व्यवस्थित और पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो। उन्होंने सभी निर्माण एजेंसियों को स्कूलों की मरम्मत कार्य को 15 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। निर्माण एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा और हाउसिंग बोर्ड को सभी मरम्मत कार्य गुणवत्ता पूर्ण और समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही ऐसे एजेंसी जिन्होंने समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं किए हैं, उन्हें नोटिस देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी कार्यालयों में कार्यालय के सुव्यवस्थित संचालन के लिए भी आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि स्टॉक पंजी, नस्ती पंजी और कैश पंजी सभी कार्यालयों में अद्यतन रहे। इसी तरह शासकीय आवासों में भी एक स्टॉक पंजी बनाया जाए। ताकि, रिकॉर्ड मेंटेन किया जा सके। आंगनबाड़ी और स्कूलों में भी स्टॉक पंजी अद्यतन करने के निर्देश दिए हैं।



उन्होंने सभी शासकीय योजनाओं के संबंध में समीक्षा करते हुए कहा कि आचार संहिता हटने के तत्काल पश्चात योजनाओं के संबंध में समीक्षा की जाएगी। अतः सभी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी अद्यतन कर लेवें। कलेक्टर ने आगामी मानसून को देखते हुए बाढ़ राहत नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के निर्देश दिए एवं पर्याप्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड, खाद बीज, पीएम जनमन आदि के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत, अपर कलेक्टर रवि साहू और जिला अधिकारी मौजूद थे।

# महासमुंद के तीर्थयात्रियों ने रामेश्वरम तट पर बालू के शिवलिंग का किया अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रामेश्वरम में इन दिनों नगर पुरोहित पं. पंकज तिवारी द्वारा श्रीमद भागवत कथा का बखान किया जा रहा है। भागवत कथा का पुण्य लाभ अर्जित करने नगर से करीब 50 से अधिक तीर्थयात्रियों का जत्था रामेश्वरम धाम में कथा श्रवण का लाभ ले रहे हैं।

तीर्थयात्रियों द्वारा सोमवार को रामेश्वरम के समुद्र तट पर भूतभावन आशुतोष महादेव की बालू का शिवलिंग बनाकर अभिषेक किया। आचार्य पंकज तिवारी के सानिध्य में सात पुरोहितों ने विधि विधान से अभिषेक कार्य संपन्न कराया। सभी तीर्थयात्री अपने-अपने नाम से बालू का शिवलिंग बनाया था। जिसे विधि विधान से पूजा अर्चना कर विसर्जित किया गया। भागवत कथा आयोजन समिति के मूलचंद लड्ढा, राजेश नायक, दिलीप जैन, देवेंद्र चंद्राकर ने बताया कि तीर्थ यात्रियों के लिए यह प्रथम अवसर था, जब समुद्र के किनारे इस तरह के आयोजन में पहली बार शामिल हो रहे थे। जैसे ही पंडितों ने शंखनाद किया, वैसे ही अन्य प्रांतों से समुद्र स्नान करने पहुंचे तीर्थयात्री भी दर्शन लाभ लेने पहुंचकर अभिषेक का दर्शन लाभ लिया। अनेक यात्री तो आचार्य से निवेदन कर रहे थे कि उन्हें भी जजमान बनाकर अभिषेक कार्य कराए। लेकिन, समय की मर्यादा के कारण संभव नहीं हो पाया और वे दर्शन लाभ से ही आनंदित होते रहे। तीर्थयात्रियों ने सर्वप्रथम समुद्र स्नान किया और समुद्र देव की पूजा अर्चना के बाद सभी समुद्र तट पर घेरा बनाकर बैठ गए।

धरती पूजन उपरांत मंत्रोच्चार के बीच सभी तीर्थयात्रियों ने बालू से शिवलिंग बनाने का कार्य आरंभ किया। शिवलिंग निर्माण के बाद विधि विधान से सभी ने पूजार्चना की और आरती उपरांत बनाए गए शिवलिंग को विसर्जित किया गया। स्कंद पुराण में रामेश्वरम धाम की महिमा का बखान करते हुए कहा गया है कि सतयुग में दस वर्षों में जो पुण्य किया जाता है, उसी को त्रेता में मनुष्य एक वर्ष में सिद्ध करते हैं। द्वापर में एक मास में और कलयुग में एक दिन में वह पुण्य साध्य होता है। किंतु, जो मनुष्य कलयुग में रामेश्वरम धाम में दर्शन, पूजन करते हैं। वही पुण्य उनको कोटि गुना होकर एक-एक पल में प्राप्त होते रहता है।



पूजन विधान में कमलेश चौबे, दिनेश चौबे, सूर्यप्रकाश चौबे, रिकेश दुबे, चिराग धर दीवान, शंकर दुबे आदि की भूमिका रही। वहीं तीर्थ यात्रियों में प्रमुख रूप से शंकर पांडे, इंद्राणी पांडे, मनोजकांत साहू, सीतादेवी साहू, हेमंत चंद्राकर, तारा चंद्राकर, मारकंडे चंद्राकर, विजय चंद्राकर, विपिन चंद्राकर, दुर्गेश चंद्राकर, जूली चंद्राकर, अरूणेंद्रधर दीवान, सुनीता दीवान, शीला पांडे, विमला, कुमारी साहू, रश्मि, सीमा लड्ढा, पुष्पलता अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# नवनिर्वाचित अठगंवा पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 30 को

**महासमुंद।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज बागबाहरा ब्लॉक के नवगठित छः अठगंवा कमेटी के सभी पदाधिकारियों का संयुक्त रुप से शपथ ग्रहण समारोह एवं ब्लॉक कार्यकारिणी द्वारा जिला व अन्य ब्लॉक पदाधिकारियों का सम्मान समारोह 30 मई गुरुवार को बागबाहरा के नवनिर्मित सतनाम भवन रखा गया है। कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष आरपी भतपहरी मुख्य अतिथि होंगे। प्रदेश महासचिव एसआर बंजारे अध्यक्षता करेंगे। विनोद भारती संरक्षक सदस्य, राजमहंत पीएल कोसरिया, अश्वनी बबलू त्रिवेंद्र, नुतन कुर्रे प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, दिनेश बंजारे यूथ प्रदेशाध्यक्ष, विजय बंजारे जिलाध्यक्ष, लिंकन कुरील जिला सरंक्षक, रतन बंजारे जिला सलाहकार, खोशिल गेंड्रे, पार्वती सोनवानी जिला उपाध्यक्ष, तरुण व्यवहार जिलाध्यक्ष यूथ,डोमन टंडन ब्लॉक सरंक्षक, केवल टंडन सलाहकार व जिला कार्यकारिणी एवं महासमुंद, पिथौरा, सरायपाली, बसना, बागबाहरा ब्लॉक पदाधिकारीगण विशेष अतिथि होंगे। ब्लॉक अध्यक्ष चिंता साय ने बताया कि प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के बैनर तले नवगठित अठगंवा परिक्षेत्र खल्लारी, सुनसुनिया, लामीसरार, सुअरमाल व फिरगी परिक्षेत्र के सभी पदाधिकारियों को प्रदेशाध्यक्ष द्वारा शपथ दिलाने के साथ नियुक्ति पत्र देंगे।

# भोरिंग के विनीत मन्नाडे को मिली पीएचडी की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गौरव ग्राम भोरिंग निवासी विनीत कुमार मन्नाडे को गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा भौतिक शास्त्र विषय में उनके शोध प्रबंध इंवेस्टिगेटिंग क्लोज-इन एक्स्ट्रा-सोलर प्लेनेटरी सिस्टमस थ्रू फोटोमैट्रिक फॉलो-अप ऑफ़ देयर ट्रांजिट्स पर डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। विनीत ने अपना शोध कार्य डॉ. पारिजात ठाकुर, प्रोफेसर शुद्ध एवं अनुप्रयुक्त भौतिकी विभाग के कुशल निर्देशन में पूर्ण किया।

विनीत शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं। प्रारंभिक शिक्षा गांव से ही हुई है। स्नातक का अध्ययन छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर व स्नातकोत्तर का अध्ययन भौतिकी एवं खगोलभौतिकी विभाग, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से पूर्ण किया। तत्पश्चात गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में शोधार्थी के रूप में अध्ययन किया। उनके लगातार प्रयासों व लगन और दृढ़ विश्वास ने ही सफल दिलाई है। वर्तमान में वे शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा बिलासपुर में सहायक प्राध्यापक- भौतिक शास्त्र के पद पर कार्यरत है। शोधार्थी विनीत कुमार मन्नाडे ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने शोध निर्देशक- प्रोफेसर पारिजात ठाकुर, प्रोफेसर डीके साहू, भारतीय खगोलभौतिकी संस्थान (आईआईए)), बैंगलोर, प्रोफेसर इंग-गुए जियांग, नेशनल सिंघुआ यूनिवर्सिटी सिंचू (एनटीएचयू), ताइवान, प्रोफेसर एनके चक्रधारी, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर एवं माता-पिता हीरालाल मन्नाडे, स्व. हेम बाई मन्नाडे व परिवारजनों और सहयोगियों के साथ-साथ अपने मित्रों को दिया है।



विनीत की इस उपलब्धि पर सतनामी समाज के दिनेश बंजारे, रेखराज बघेल, त्रिभुवन महिलांग, लिंकन कुरील, एचआर बघेल, एसआर बंजारे, विजय बंजारे, वीरेंद्र ढीढी, खोशिल गेंड्रे, संजय ढीढी, गुलाब साय, एस चंद्रसेन एवं समाजजनों के साथ ही शुद्ध एवं अनुप्रयुक्त भौतिकी विभाग, गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के समस्त आचार्यों एवं पदाधिकारी ने हर्ष जताया है।

# सरकार और समाज के सहयोग से बहुरेंगे दिव्यांगों के दिन, टोल फ्री नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

डॉ. सुरेश शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों व उभलिंगीजनों के सेवा जतन सरोकार के तहत उनके अधिकार तथा सरकार संचालित योजनाओं से लाभान्वित कर उनके समस्याओं के निदान कर सशक्तिकरण के निर्णय तथा अधिकारगत चुनौतियों के निवारण के लिए टोल फ्री नंबर 155326 व 18002338989 चालू किया गया है। उपरोक्त नंबर पर राज्य के समस्त दिव्यांगजन तथा उभलिंगी वर्ग सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक विषय जैसे - पेंशन, सर्टिफिकेट, यूडीआईडी कार्ड, सहायक उपकरण, मनरेगा जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशनकार्ड, पीएम आवास, बस पास, रेल पास, कौशल प्रशिक्षण तथा स्वरोजगार, रोजगार के लिए योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते है। इसके अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अधिकृत टोल फ्री नंबर से सुविधा लाभ ले सकते हैं। वर्ष 2011 के जनसंख्या सर्वे अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में 624937 दिव्यांग पंजीकृत है, जो कि राज्य के जनसंख्या के अनुपात में बड़ी संख्या है। महासमुंद जिले में ही 30385 दिव्यांग पंजीकृत है। भारत सरकार द्वारा दिव्यांगता की श्रेणी में 21 प्रकार से चिन्हाकित किया गया है। वर्त्तमान में सर्वे किया जाए तो तयशुदा बिंदुओं में उनके 21 मापदंड के आधार पर और अधिक लोगों के पंजीकृत होने की सम्भावना है। समाज के सामान्य लोगों की तरह जीवनयापन के लिए निजी, शासकीय संस्थानों तथा समाज में बराबर का अधिकार व स्थान उपलब्ध कराए जाने के लिए भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा उपरोक्त सुविधा का संचालन किया जा रहा है। जनकल्याणकारी सुविधा के संचालन से महासमुंद जिले में आजीविका, प्रशिक्षण के साथ साथ सामाजिक सुरक्षा के विभिन्न मानकों से लाभान्वित हो रहे हैं। महासमुंद जिले में दिव्यांग कल्याण कार्यक्रम के तहत पंजीकृत दिव्यांगों को लाभान्वित किए जाने के लिए जिले के दिव्यांग संगठन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही नए दिव्यांगों को चिन्हाकित कर उनका पंजीयन कर भूलभूत सुविधाओं से लाभान्वित किये जाने के लिए कार्ययोजना तैयार किया गया है। शासकीय कल्याणकारी योजनाओं से अधिकाधिक दिव्यांग जुड़ सके और उससे लाभान्वित हो सके ऐसा सामूहिक प्रयास किया जाना अत्यंत आवश्यक है। जिसके परिणाम स्वरुप समतुल्यतायुक्त वातावरण तैयार होगा और सामूहिक प्रयास से बेहतर स्वस्थ्य समाज की परिकल्पना को साकार कर सकेंगे। संकल्प से सिद्धि की ओर बढ़ने का प्रयास सरकार के साथ साथ जनभागीदारी तथा जनसहयोग से ही पूर्ण हो सकता। उपरोक्त सेवाभावी कार्य के लिए महासमुंद जिले के संवेदनशील जनप्रतिनिधि तथा स्थानीय लोग भी आगे आ रहे है, जिनके माध्यम से पर्याप्त सहयोग प्राप्त हो रहा है। अपनी क्षमता और परिश्रम से भावी भविष्य में महासमुंद जिले के दिव्यांग कीर्तिमान रचकर बेहतर उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।




# भटोरी में रामचरित मानस का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

ग्राम भठोरी में प्रतिवर्ष ज्येष्ठ मास में ग्राम समिति द्वारा सामूहिक रूप से रामचरित मानस गान का आयोजन होता है। जहां दूर दूरांचल से अनेक मानस टीम अपनी प्रस्तुति देने पहुंचते हैं।

ग्राम भठोरी के युवा टीम ने इस बार अपनी सेवा से आगंतुकों का मन मोह लिया। ग्राम में आयोजित मानस गान व नौधा भक्ति, सत्संग का श्रवण करने क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। अंतिम दिवस मानस टीम दुर्गापाली, अनगुल (ओडिशा) सहित सात टीमों ने सस्वर संगीतमय रामचरित मानस का पाठ किया। इस दौरान मानस गान कलाकारों ने हृदयंगम भक्ति संगीत व कर्णप्रिय भजनों से लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष सौरव अग्रवाल, अरुण प्रधान, भूपेंद्र शर्मा एवं विश्व हिंदू परिषद की टीम ने इस आयोजन में अपनी उपस्थिति प्रदान की।

विहिप जिला अध्यक्ष सौरव अग्रवाल ने ग्रामवासियों को प्रत्येक मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीस पाठ के लिए विशेष आग्रह किया। जिसे ग्रामवासियों द्वारा सहर्ष स्वीकार किया गया। ग्राम के युवा संदीप पटेल, श्रवण पटेल, हेम लाल यादव, बसंत पटेल, उपेंद्र पटेल आदि के सहभागिता से रामायण कथा एवं भंडारा का आयोजन हुआ।






